न्यायालय
सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी—बाड़मेर
(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना—पत्र संख्याः— 2023/224 दर्ज तिथिः—27.07.2023

1. छगनाराम पुत्र हरजीराम
   जाति कुम्हार निवासी आलपुरा तहसील गुडामालानी बाडमेर

......................प्रार्थीगण

बनाम

1. तहसीलदार गुडामालानी
2. किशनाराम पुत्र हरजीराम
3. पारू देवी पत्नी छोगाराम
4. बलदेवराम पुत्र छोगाराम
5. भगाराम पुत्र गुणेशाराम
6. भंवरराम पुत्र गुणेशाराम
7. मथरों देवी पत्नी गुणेशाराम फौत के कायम मुकाम विप्रार्थी संख्या 5,6,10
8. सुरेश कुमार पुत्र छोगाराम
9. सांवलाराम पुत्र हरजीराम
10. हीराराम पुत्र गुणेशाराम
11. नरसीराम पुत्र गुणेशाराम
    जाति कुम्हार निवासी आलपुरा तहसील गुडामालानी
12. प्रबंधक पीएनबी शाखा गुडामालानी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः—श्री डालूराम चौधरी
अप्रार्थीगणः— एकतरफा

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा—131,136
राजस्थान भू—राजस्व अधि.—1956

—:निर्णयः—

निर्णय तिथिः—05.12.2024

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी द्वारा राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—131, 136 के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 130/1/2.1044 है0, मौजा आलपुरा तहसील गुडामालानी में अवस्थित है। प्रार्थी की उक्त खातेदारी आराजी के पडौस में अप्रार्थीगण की खातेदारी की आराजी खसरा

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.10 13:20:56 IST
Reason: SelfAttested

संख्या 130 / 6.3616 है0, मौजा आलपुरा तहसील गुडामालानी में अवस्थित है। उक्त आराजी का मूल खसरा एक ही 130 था।

2. इस प्रकार मूल खसरा संख्या 130 रकबा 52—06 बीघा में से पंजीकृत बयनामा संख्या 473 / 1987 के जरिये 13 बीघा भूमि क्रय की गई थी। पंजीकृत बयनामा संख्या 473 / 1987 के जरिये 13 बीघा भूमि की दिशाएं अंकित की गई हैं। परन्तु पंजीकृत बयनामा संख्या 473 / 1987 के जरिये 13 बीघा भूमि के नामांतकरण में समय पंजीकृत बयनामा में अंकित दिशाओं के अनुसार प्रार्थी की खातेदारी भूमि की तरमीम मौके पर कब्जे के सही नहीं की गई। तत्पश्चात प्रार्थी एवं अप्रार्थी संख्या 02 लगायत 11 ने पंजीकृत बयनामा संख्या 909 / 2001 से उक्त आराजी खरीद की जिसका नामांतकरण संख्या 632 दर्ज किया गया।

3. उक्त गलत तरमीम के कारण प्रार्थी के कब्जे काश्त की आंशिक आराजी को अप्रार्थीगण की तरमीम के अंतर्गत दर्शाकर अंकित किया गया है। इससे प्रार्थी के कब्जे की खातेदारी भूमि पर नकारात्मक प्रभाव पडता है। असल में प्रार्थी व अप्रार्थीगण की आराजी की तरमीम परिशिष्ट—अ के अनुसार होनी अपेक्षित है। अतः प्रार्थी व अप्रार्थीगण की आराजी की तरमीम परिशिष्ट—अ के आधार दुरूस्त कर रिकॉर्ड दुरूस्ती कर प्रार्थी का प्रार्थना—पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया।

4. प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण विधिवत तामिल उपस्थित नहीं हुए। प्रकरण में तहसीलदार गुडामालानी से मौका रिपोर्ट तलब की गई। प्रकरण में प्रार्थी की बहस सुनी गई। दौरान—ए—बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थी व अप्रार्थीगण की आराजी की तरमीम परिशिष्ट—अ के आधार दुरूस्त कर रिकॉर्ड दुरूस्ती कर प्रार्थी का प्रार्थना—पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया। प्रकरण में बहस पर मनन किया गया। प्रकरण में सर्वप्रथम हाल राजस्व नक्शा का अवलोकन किया जाना आवश्यक है। प्रकरण में विवादित आराजी का हाल राजस्व नक्शा इस प्रकार हैः—

राजस्थान सरकार | NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि) | दिनांक : 13/06/2023 06:11:08 PM

तहसील : गुढामलानी | भू. अ. नि. क्षेत्र : गुडामालानी

ग्राम : आलपुरा



खसरा संख्या :130 क्षेत्रफल : 6.3616 Hectare खाता संख्या : 517पुराना खाता संख्या :428
भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान]: बा.दोयम [6.3616, 5.85]
1.) नाबालिग किशनाराम पुत्र छोगाराम संरक्षक पारूदेवी हिस्सा- 31/720 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
10.) हीराराम पुत्र गुणेशाराम हिस्सा- 1/7 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
2.) छगनाराम पुत्र हरजी हिस्सा- 1/6 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार हिस्सा-1/8 (पूर्ण खाता) P.N.B शाखा गुडामालानी ।
3.) पारूदेवी पत्नि छोगाराम हिस्सा- 3/80 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
4.) नाबालिग बलदेवराम पुत्र छोगाराम संरक्षक पारूदेवी हिस्सा- 31/720 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
5.) भगाराम पुत्र गुणेशाराम हिस्सा- 1/7 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
6.) भवराराम पुत्र गुणेशाराम हिस्सा- 1/7 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
7.) मथरोदेवी पत्नि गुणेशाराम हिस्सा- 1/14 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
8.) नाबालिग सुरेशकुमार पुत्र छोगाराम संरक्षक पारूदेवी हिस्सा- 31/720 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
9.) सांवलाराम पुत्र हरजी हिस्सा- 1/6 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार हिस्सा-1/6 (पूर्ण खाता) पंजाब नेशनल बैंक शाखा GUDHAMALANI

प्रमाणित प्रतिलिपि P-35 क्रमांक...1244...पर दर्ज कर जारी की गई। 13.06.23

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील
भू-अभिलेख निरीक्षक (भू.अ.) आलपुरा तहसील गुडामालानी

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।
३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु संबंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ... no : null

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.10 13:20:56 IST
Reason: SelfAttested

5. उक्त हाल राजस्व नक्शे के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण की आराजी खसरा संख्या 130 ⁄ 1 तथा अप्रार्थीगण की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 130 मौजा आलपुरा तहसील गुडामालानी पडोस में अवस्थित है। प्रार्थी द्वारा अपनी खातेदारी आराजी की तरमीम को दुरूस्त करवाने हेतु परिशिष्ट–अ प्रस्तुत किया है। प्रकरण में हाल राजस्व रिकॉर्ड व प्रार्थी द्वारा प्रस्तावित तरमीम के परिशिष्ट–अ का अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका तुलनात्मक विवरण निम्न प्रकार हैः–


परिशिष्ट "A"

राजस्थान सरकार
NIC-BHUNAKSHA
खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)
दिनांक : 13/06/2023 06:11:08 PM
तहसील : गुढामालानी
भू. अ. नि. क्षेत्र : गुडामालानी
ग्राम : आलपुरा

खसरा संख्या :130 क्षेत्रफल : 6.3616 Hectare खाता संख्या : 517पुराना खाता संख्या :428
भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान]: बा.दोयम [6.3616, 5.85]
1.) नाबालिग किशनाराम पुत्र छोगाराम संरक्षक पारूदेवी हिस्सा- 31/720 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
10.) हीराराम पुत्र गुणेशाराम हिस्सा- 1/7 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
2.) छगनाराम पुत्र हरजी हिस्सा- 1/6 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार हिस्सा-1/8 (पूर्ण खाता) P.N.B शाखा गुडामालानी ।
3.) पारूदेवी पत्नि छोगाराम हिस्सा- 3/80 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
4.) नाबालिग बलदेवराम पुत्र छोगाराम संरक्षक पारूदेवी हिस्सा- 31/720 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
5.) भगाराम पुत्र गुणेशाराम हिस्सा- 1/7 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
6.) भवराराम पुत्र गुणेशाराम हिस्सा- 1/7 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
7.) मथरोदेवी पत्नि गुणेशाराम हिस्सा- 1/14 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
8.) नाबालिग सुरेशकुमार पुत्र छोगाराम संरक्षक पारूदेवी हिस्सा- 31/720 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार
9.) सांवलाराम पुत्र हरजी हिस्सा- 1/6 जाति- कुम्हार सा. देह खातेदार हिस्सा-1/6 (पूर्ण खाता) पंजाब नेशनल बैंक शाखा GUDHAMALANI

प्रमाणित प्रतिलिपि P-35 क्रमांक 1244 पर दर्ज कर जारी की गई। 13.06.23

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

6. प्रकरण में हाल राजस्व रिकॉर्ड व प्रार्थी द्वारा प्रस्तावित तरमीम के परिशिष्ट–अ के परीक्षण के पश्चात तहसीलदार गुडामालानी [illegible] ⁄ 2024 ⁄ 2313 दिनांक 21.11. 2024 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा प्रस्तुत किया है। उक्त तहसीलदार

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.10 13:20:56 IST
Reason: SelfAttested

गुडामालानी द्वारा पत्रांक / भू.अ. / 2024 / 2313 दिनांक 21.11.2024 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा का अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः—



Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.10 13:20:56 IST
Reason: SelfAttested

7. प्रकरण में तहसीलदार गुडामालानी द्वारा पत्रांक / भू.अ. / 2024 / 2313 दिनांक 21.11.2024 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट के प्रासांगिक विवरण का उद्धरण इस प्रकार हैः–

1. वर्तमान राजस्व नक्शें में खसरा संख्या 130 / 1 की तरमीम बेचाननामा दस्तावेज में अंकित पडोसियान के अनुसार नहीं है।
2. वर्तमान राजस्व नक्शा में रजिस्ट्री में दर्ज पडोसियान अनुसार तरमीम नहीं है। बेचान दस्तावेज में परिशिष्ट संलग्न नहीं है तथा उक्त बेचान नामे के अनुसार दर्ज नामांतकरण संख्या 289 की पुस्त पर भी तरमीम अंकित नहीं है।
3. बेचान दस्तावेज में दर्ज पडोसियान अनुसार ही उक्त खसरा संख्या 130 / 1 मौके पर काबिज काश्त है। कब्जा काश्त तथा बेचान दस्तावेज में दर्ज पडोसियान अनुसार तरमीम दुरूस्त किया जाना उचित है।

8. प्रकरण में तहसीलदार गुडामालानी द्वारा पत्रांक / भू.अ. / 2024 / 2313 दिनांक 21.11.2024 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा तथा हाल राजस्व नक्शा के तुलनात्मक अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण की आराजी खसरा संख्या 130 / 1 तथा अप्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी आराजी खसरा संख्या 130 मौजा आलपुरा तहसील गुडामालानी पडोस में अवस्थित है। इस प्रकार हाल राजस्व नक्शा व कब्जे अनुसार प्रस्तावित नजरी नक्शा के अनुसार प्रार्थी व अप्रार्थी की आराजी का रकबा समान है। परन्तु पंजीकृत बयनामा संख्या 909 / 2001 में अंकित दिशाओं व मौके पर कब्जे के मुताबिक तरमीम नहीं की हुई है। तहसीलदार गुडामालानी द्वारा पत्रांक / भू.अ. / 2024 / 2313 दिनांक 21.11.2024 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट से प्रस्तावित तरमीम से प्रार्थी व अप्रार्थी की आराजी का रकबा प्रभावित नहीं होगा। अपितु पंजीकृत बयनामा संख्या 909 / 2001 में अंकित दिशाओं व मौके पर कब्जे के अनुसार तरमीम दुरूस्ती की जाकर केवल राजस्व रिकॉर्ड में परिवर्तन होगा। इस प्रकार मुताबिक तहसीलदार गुडामालानी द्वारा पत्रांक / भू.अ. / 2024 / 2313 दिनांक 21.11.2024 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा तरमीम दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा 131, 136 के अन्तर्गत प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार गुडामालानी को निर्देश दिये जाते हैं कि पत्रांक/भू.अ./2024/2313 दिनांक 21.11.2024 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा अनुसार तरमीम दुरूस्ती किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा निर्णय का अनन्य भाग रहेगा।

उक्त निर्णय की पालना हेतु एक प्रति तहसीलदार गुडामालानी को भिजवायी जावें।

यह आदेश आज दिनांक 05.12.2024 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया गया एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता की मुहर व हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस)
सहायक कलक्टर
गुढामालानी–बाड़मेर

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.12.10 13:20:56 IST
Reason: SelfAttested